Aajtak

हरियाणा में 20,000 शिक्षक नियुक्त होंगे : शिक्षा मंत्री

गुड़गांव में एक नई यूनिवर्सिटी की स्थापना करने का बात के साथ-साथ शिशा मंत्री राम बिलास शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही 20,000 शिक्षकों को रिक्रूट करेगी.

शिक्षा मंत्री आगे कहते हैं कि देश में ढेरों छात्र उच्च शिक्षा की ओर बढ़ रहे हैं. ऐसे में यूनिवर्सिटी और कॉलेज की भी मांग तेजी से बढ़ी है. इस मांग की आपूर्ति के लिए विभिन्न राज्य सरकारें भी पुरजोर कोशिश में लगी हैं. वे नए-नए संस्थान खोल रही हैं. अभी हालिया विधानसभा सत्र में उन्होंने कहा कि गुड़गांव में जल्द ही नई यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी.

रिपोर्ट की डिटेल-
यह स्टेटमेंट विधानसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में दिया गया था.
यूनिवर्सिटी पर काम तात्कालिक वित्तीय सत्र से शुरू हो जाएगा.
शिक्षा मंत्री ने कहा कि इसके बाबत मुख्य मंत्री ने भी ककरोला गांव में आम बैठक की है. जल्द ही यूनिवर्सिटी की स्थापना होगी.
इतना ही नहीं, ककरोला पंचायत ने इसके लिए जमीन देने की भी घोषणा कर दी है.
इसके अलावा मंत्री ने आश्वासन दिया है कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से संबंधित बीएड और इंजीनियरिंग कॉलेज कहीं और शिफ्ट नहीं होंगे.

शिक्षकों के रिक्रूटमेंट पर-
इस वर्ष हरियाणा में लगभग 20,000 शिक्षक रिक्रूट होंगे.
शिक्षा में सुधार के लिए राज्य सरकार तमाम प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है.
शिक्षा मंत्री आगे कहते हैं कि स्कूली छात्रों में नैतिक मूल्यों के लिए भगवद्गीता के श्लोकों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा. ऐसे बदलाव स्कूल के कोर्स और शिक्षा व्यवस्था दोनों में होंगे.

वे अंत में कहते हैं कि उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं. ताकि पढ़ाई खत्म करने के बाद छात्र स्वनिर्भर हो सकें.